
दैनिक
# पदमावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in Mo. 9594542679 Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 293 • मुंबई, मंगलवार, 02 जुलाई, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •


## आज संसद में कई मुद्दों को लेकर विपक्ष कर सकता है हंगामा
## नीट पेपर लीक, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर हो सकती है बहस



**नयी दिल्ली ।** संसद की कार्यवाही के सोमवार को फिर शुरु होने पर नीट पेपर लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार हंगामा होने की संभावना है। विपक्ष पेपर लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है। लोकसभा में, बीजेपी के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। बीजेपी की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी और पहली बार लोकसभा सदस्य बनी बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी।

लोकसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय तय किया है, जिसका समापन मंगलवार को पीएम नरेन्द्र मोदी के जवाब से होगा। राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय तय किया है और पीएम मोदी के बुधवार को जवाब देने की संभावना है। नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ था। एनटीए ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें 24 लाख परीक्षार्थी बैठे थे। नतीजे 4 जून को घोषित किए गए, लेकिन इसके बाद बिहार समेत कई राज्यों में पेपर लीक होने के अलावा परीक्षा से जुड़ी अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे।

राज्यसभा में बीजेपी सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने पीएम मोदी को ''अतुलनीय'' बताया था और कहा था कि देश के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के उनके दृष्टिकोण और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। बीजेपी सदस्य कविता पाटीदार ने प्रस्ताव का समर्थन किया था और चर्चा में अब तक नौ अन्य सदस्य भाग ले चुके हैं।

विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया था, जिस पर सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी। नीट मुद्दे पर हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम हाई ब्लडप्रेशर के चलते अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही स्थगित न करने और राज्यसभा सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता न करने के लिए सरकार की आलोचना की थी।

## देश की अर्थव्यवस्था को सफलतापूर्वक चलाने में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का महत्वपूर्ण योगदान - जिला कलक्टर पोसवाल

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान का 76वां स्थापना दिवस समारोह सेक्टर 14 स्थित आईसीएआई भवन में समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए. रौनक जैन ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यकम के आरम्भ में शाखा भवन में सुबह 9.30 बजे मुख्य अतिथि उदयपुर जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल ने सभागार में उपस्थित सभी सीए को सम्बोधित करते हुए देश विदेश में रह रहे सभी चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस को सीए दिवस की हार्दिक शुभकामनाए प्रेषित की एवं कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सफलतापूर्वक चलाने में सीए का महत्वपूर्ण योगदान है। 76वें सीए दिवस पर रक्तदान शिविर व हेल्थ चेक शिविर का आयोजन हुआ। 51 रक्तवीरों ने रक्तदान किया जिसमें महिलाओं ने भी भागीदारी दिखाई। हेल्थ चेक में सीए सदस्यों व परिवारजन ने अपना मेडिकल चेकअप करवाया। दोपहर में पशुओ के लिये भोजन वितरण और मुक बधिर विद्यालय में भोजन साम्रगी भेट की गई। एकत्रित किये गये पुराने वस्त्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सीए सदस्यता के 25 वर्ष पूर्ण करने पर स्पेशल 21 चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस का सम्मान किया गया। सीए सौरभ गोलछा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रथम सत्र में डॉ. अमित खंडेलवाल ने हॉर्ट सम्बधित जानकारियां देते हुए हार्ट अटैक से बचाव व उसमें खान-पान व दिनचर्या को सही रखने की जानकारी उपलब्ध करवाई। द्वितीय



सत्र में सीए अंकित जैन ने बिजनेस रिस्पान्सिबिलिटी और सस्टेनेबल रिर्पोटिंग की जानकारी दी। विशिष्ठ अतिथि के रूप में समाज सेवी तुषार मेहता उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में शाखा सचिव सीए प्रतिभा जैन ने आभार प्रकट किया। कार्यकारिणी सदस्य उपाध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी, निवर्तमान अध्यक्ष सीए अभिषेक संचेती, कार्यकारिणी सदस्य सीए हितेष भदादा, सीए चिराग धर्मावत, सीए शैलेन्द्र कुणावत उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने कार्यवाही की



पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** भबराना जिला सलूम्बर में निवासी जितेन्द्र सिंह चौहान ने जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत की है कि उनके नाम से ऑनलाइन एक पर्सनल लोन के लिए धोखाधड़ी की गई है। इस मामले में 6,21,866 रुपये की धोखाधड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर, ईण्टाली खेडा जिला सलूम्बर में निवासी कैलाशचन्द पाण्डे ने भी शिकायत की है कि उनके वॉट्सएप पर एक व्यक्ति ने उन्हें पुलिस अधिकारी बताकर 1,50,000 रुपये की ठगी की है।

उपरोक्त शिकायतों पर सलूम्बर जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने साइबर सेल को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जहां साइबर सेल ने 4,99,999 रुपये रिकवर किए हैं। इसके अलावा, कैलाशचन्द पाण्डे के खाते में ठगी हुई राशी को बैंक खातों में होल्ड किया गया है। वहीं आमजन से अपील की गई है की अनजान लिंक पर क्लिक ना करें और किसी अनजान नंबर से कॉल आए तो अपनी किसी भी प्रकार की जानकारी साझा न करें।।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन अन्तर्गत उद्यानिकी गतिविधियों में किसानो का चयन लॉटरी / रेण्डोमाईजेशन विधि द्वारा होगा

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उद्यान आयुक्तालय, जयपुर से प्राप्त दिशा-नर्देशानुसार जिले में संचालित उद्यानिकी गतिविधियो हेतु किसानो का चयन लॉटरी /रिण्डामाईजेशन विधि द्वारा किया जाएगा। उप निदेशक उद्यान, डॉ. कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन अन्तर्गत संचालित उद्यानिकी घटको में जिन किसानो ने राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन किया है, उनका चयन लॉटरी विधि द्वारा किया जाएगा इस हेतु उद्यान आयुक्तालय स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है। ग्रीन हाउस, शेडनेट हाउस, पैक हाउस, नर्सरी स्थापना, प्याज भण्डारण संरचना, उद्यानिकी यंत्रीकरण, पॉली हाउस में उच्च मूल्य की सब्जियो का उत्पादन करने वाले किसानों के आवेदन जिले को आवंटित लक्षयो की तुलना में डेढ गुना (150 प्रतिशत) से अधिक होने पर ऑनलाईन लॉटरी की जायेगी। इस लॉटरी प्रक्रिया में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के उन आवेदक किसानो के आवेदन भी केरी फॉरवर्ड किये जाकर सम्मिलित किये जायेगे जिन किसानो का पूर्व के वर्ष मे लॉटरी में चयन नहीं हुआ तथा योजना %से अब तक लाभान्वित नहीं किया गया है। वर्ष 2024-25 में जिन किसानो ने 30 जून तक राज किसान साथी पोर्टल उक्त योजनाओ में %आवेदन किया है उनको लॉटरी अनुसार चयन कर लाभान्वित किया जाएगा।

## वाणिज्यिक कर विभाग ने मनाया जीएसटी दिवस

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** वाणिज्यिक कर विभाग, उदयपुर द्वारा सोमवार को जीएसीटी दिवस का आयोजन उदयपुर स्थित लेकेंड होटल में किया गया। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न व्यापारिक संगठनों एवं टैक्स बार के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न करदाताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विभाग द्वारा जीएसटी कर प्रणाली के सात वर्षो से सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्नन हितधारकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया । मुख्य अतिथि ताराचंद जैन ने अपने उद्बोधन में जीएसटी कर संग्रहण को देश के विकास का मुख्य सूत्र बताया तथा जीएसटी कर प्रणाली को एक समेकित एवं संतुलित प्रणाली बताया जिसमें विभिन्न संशोधनों प्रावधानों से करदाता को समय-समय पर आवश्यकतानुसार रियायत देकर टैक्स कंपलाएंस को बढ़ाया जा रहा है। कुशल प्रणाली एवं उत्कृष्ट प्रबंधन से भारत जीएसटी राजस्व अर्जन में नए कीर्तिमानों की ओर अग्रसर है। अतिरिक्त आयुक्त(प्रशासन) मनीष बक्षी द्वारा कार्यक्रम के उदेद्श्यों और जीएसटी की 2017 से लेकर वर्तमान तक के सफर से उपस्थित को अवगत करवाया गया। उन्होनो इस सफर में एक्ट एवं रूल्स में किए गए संशोधनों की जानकारी प्रदान की। मुख्य वक्ता यशवंत मंगल द्वारा जीएसटी के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए नवीनतम परिवर्तनों के बारे में बताया गया। विशिष्ठ अतिथि शंभू हिरण द्वारा कर प्रणाली को सरल बनाने हेतु सुझाव दिए गए। विशिष्ठ अतिथि मनीष गलुंडिया एवं सीजीएसटी सहायक आयुक्त आर के गुप्ता द्वारा जीएसटी दिवस पर जीएसटी प्रणाली प्रबंधन एवं करदाताओं पर प्रभाव के संबंध मे जानकारी दी गई। अतिरिक्त आयुक्त(अपीलीय प्राधकारी) नीतू भारद्वाज ने विभिन्न हितधारकों के जीएसटी प्रणाली में सहयोग को जीएसटी की सफलता का मूलमंत्र बताया गया संयुक्त आयुक्त श्री रविन्द्र जैन ने वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा विभिन्न व्यापारिक संगठनों से नियमित संवाद संबंधी विभाग की गतिविधि की जानकारी देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संचालन सहायक आयुक्त अनुज भटनागर द्वारा किया गया। जीएसटी दिवस के उपलक्ष में वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा प्रात» कर भवन कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## निजी रिसोर्ट में जुआ खेलते हुए 18 आरोपी गिरफ्तार




पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के थाना गोवर्धनविलास की पुलिस टीम ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए जुआ खेल रहे 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार, बलिचा स्थित एक निजी रिसोर्ट में पुलिस टीम ने जुआ खेलते हुए बंद कमरे में कुल 18 आरोपीयों को डिटेन किया है। जुआ खेलने के दौरान पाए गए ताश के पत्ते और कुल रूपये 2,21,730 भी उनके कब्जे से जब्त किए गए हैं।वहीं पूरे मामले में कार्यवाही की जा रही है।

## जिला कलक्टर ने सुनी बुजुर्ग दंपति की समस्या



पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार सुबह बुजुर्ग दंपति की परिवेदना को ध्यान पूर्वक सुना।जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की सादगी एक बार फिर से देखने को मिली जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कलेक्ट्री परिसर में आने वाले विशेष योग्यजन एवं बुजुर्ग और जो सीढ़ीया चढ़ने उतरने में असमर्थ है उनकी सुविधा के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की हे जिससे विशेष योग्यजन एवं बुजुर्गो को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसी क्रम में आज एक बुजुर्ग दंपति अपनी परिवेदना ले कर कलेक्ट्री परिसर पहुंचे तो इसकी सूचना जेसे ही जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू को मिली वह स्वयं अपने कक्ष से बाहर आए और तुरंत बुजुर्ग दंपति से मिलने पहुंचे और बड़े ही ध्यान पूर्वक से उनकी परिवेदना को सुना और कहा की जल्द ही आपकी परिवेदना का समाधान किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर ने स्वयं खड़े होकर उनकी समस्या को सुना। जिला कलेक्टर से पूर्ण आश्वस्त होने के पश्चात बुजुर्ग दंपति ने जिला कलेक्टर की प्रशंसा की।

## पुलिस थाना नाहरगढ द्वारा नये कानून के लिए प्रबुद्ध जनो का संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ



पदमावत मीडिया

**नाहरगढ ।** नया भारत नया विधान के तहत देशभर में खत्म हुआ अंग्रेजी औपनिवेशिक राज के कानून. नए कानून भारत के संविधान के अनुरूप जिसमें तीनो मूलभूत कानुनों में हुआ क्रांतिकारी परिवर्तन। कार्यक्रम का जनजागरण अभियान मध्य प्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार 1 जुलाई से नये कानुन का शुभारंभ जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशानुसार थाना नाहरगढ में विधिवत शुभारंभ जनजागरूकता अभियान प्रबुद्ध जनों के साथ किया । नगर के अंबिकागार्डन में नगर एवं थाना क्षेत्र कयामपुर, संजीत के समस्त जनप्रतिनिधि, राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता, पुलिस, पत्रकार, राजस्व, ग्राम कोटवार, ग्राम रक्षा समिति सदस्यों की भारी उपस्थिति में सर्वप्रथम अथितिदय सुश्री कीर्ति बघेल एसडीओपी ग्रामीण मंदसौर और तहसीलदार कयामपुर कमलराय सुनहरे का थाना प्रभारी निरीक्षक आर सी डांगी ने पुष्पगुच्छ से स्वागतकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । उक्त अवसर पर कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य और नवीन आपराधिक कानूनों पर विस्तार से थाना प्रभारी आर सी दांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता) अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएन एसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1972 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 (बीएसए) हो गए। इस अवसर पर थाना प्रभारी श्री डांगी ने कानून की सभी नवीन धाराओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं नया कानून को हाईटेक, आधुनिक, डिजिटली और वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप बताया तहसीलदार श्री सुनहरे ने कहा अब तारीख पर तारीख बढ़ाने का ज़माना गया । वहीं एसडीओपी सुश्री कीर्ति बघेल ने कहा कि इस कानून में सबसे अच्छी बात अब घर बैठे ई- एफआईआर दर्ज करायी जा सकेगी जो समय की मांग है, एविडेंस एवं जांच प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी । हर केस की प्रगति से थाना स्तर पर ही फरियादी को भी उसकी डिटेल बताई जाएगी और प्रकरण अनावश्यक लम्बित नहीं रहेंगे. कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ सरपंच, सचिव, चौकीदार, राजनेता सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकर्ता, पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

प्रबुद्धजनो ने अपने सुझाव भी दिए। जिनकी जिज्ञासा और प्रश्नों का समाधान मौके पर ही थाना प्रभारी श्री डांगी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित प्रबुद्धजनों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया. कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत शिक्षक बीएल नायमा ने किया। कार्यक्रम की सफ़लता और उपस्थती हेतु आभार एसआई जेसी हाड़ा थाना नाहरगढ ने मानते हुए बताया कि अंग्रेजों का कानून गया अब भारत का नया कानून आज से प्रारंभ हुआ। सभी आगंतुकों को स्वलपाहार भी कराया गया।

## अपहरण कर युवती को अजमेर ले जाना चाहता था, बीच में पुलिस ने पकड़ा



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** रविवार को थाना सुखेर पर एक युवती ने अपनी सहेली के साथ रिपोर्ट की कि उसके खिलाफ ईमरान खान ने बहुत दबाव डाला और उसे अपहरण करने की कोशिश की। उसने बताया कि वह 2 साल पहले एक कम्प्यूटर सेंटर पर कोर्स कर रही थी, जहां के संचालक ने उससे शादी करने का प्रस्ताव दिया था और उसे अपने दोस्त ईमरान के साथ रहने के लिए बुलाया था।

जब वह इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया, तो उसके साथ झगड़ा हुआ और ईमरान ने उसे धमकाया और ब्लैकमेल किया।

युवती ने बताया कि ईमरान ने उसे डराया और दबाव डाला, और एक बार तो उसने उसे अजमेर ले जाने की कोशिश की, लेकिन वह बच गई। इसके बाद उसने पुलिस को रिपोर्ट की और थाना सुखेर में श्री योगेश गोयल, जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर के निर्देश पर त्वरित अनुसंधान किया जा रहा है। थानाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई और ईमरान खान और उसके साथी अशोक कुमावत को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## इंद्रदेव को रिझाने को लेकर बड़गांव में महाप्रसादी

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उदयपुर के समीपस्थ बड़गांव गांव में औदिच्य समाज की और से इंद्रदेव को रिझाने और अच्छी बरसात की कामना को लेकर सामूहिक परसादी का आयोजन किया गया। समाज अध्यक्ष पूंजीलाल शर्मा ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं को लेकर हर वर्ष सामूहिक रूप से यह आयोजन रखा जाता है। इस मौके पर गांव के प्रत्येक घर में प्रसाद बनाया जाता है जिसका भोग गांव के खेड़ा देवी मंदिर में लगाया जाता है। शाम



के समय मंदिर में पूजा-अर्चना होती है औरं अच्छी बारिश के साथ गांव की खुशहाली की कामना की जाती है।

## सलूंबर जिला कलेक्टर राजस्व न्यायालयों की कार्य प्रणाली में सुधार व नवाचार के लिऐ होंगे सम्मानित

**सलूंबर ।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू राजस्व मण्डल द्वारा राजस्व न्यायालयों की कार्य प्रणाली में सुधार व नवाचार के क्रम में आयोजित राज्य स्तरीय निर्णय प्रतियोगिता की संभाग स्तर श्रेणी में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 4 जुलाई को 3 बजे राजस्व मण्डल राजस्थान के अजमेर सभागार में आयोजित होगा। हाल ही में सांख्यिकी दिवस के अवसर पर भी सांख्यिकी के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया था।

# उपसरपंच के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए खेमराज पटेल



पदमावत मीडिया

संवाददाता ईश्वरलाल सुथार

**सलूंबर ।** जिले के झल्लारा उपखंड की ग्राम पंचायत विरवा कला में सोमवार को उपसरपंच के पद हेतु सर्व सहमति और सलाह से खेमराज पटेल को निर्विरोध उपसरपंच बनाया गया। खेमराज पटेल नेकदिल होने के साथ ही हर समय सेवाभाव से समाज और ग्राम पंचायत के कार्यों में अपना योगदान देते आए है। उनकी सहजता के लिए पंचायत वासियों ने उन्हें निर्विरोध उपसरपंच घोषित किया।

# श्री अंबेश गुरु जैन युवक परिषद मेवाड़ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री अंबेश गुरु जैन युवक परिषद मेवाड़ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रविवार को आयोजित हुआ। जिमसें श्री अंबेश गुरु जैन युवक परिषद मेवाड़ की समस्त कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक पामेचा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शहर विधायक ताराचंद जैन एवं संस्था पावन धाम फतहनगर अध्यक्ष मनोहर लाल लोढा, उपाध्यक्ष गजेंद्र चंडालिया, निर्माण मंत्री नितिन सेठिया, चंद्रेश कछारा, मुंबई से महेंद्र पगारिया, मदनपथिक धाम अध्यक्ष मांगीलाल लोढा, कोषाध्यक्ष नेमीचंद धाकड़, भीलवाड़ा से अंबेश सौभाग्य नवयुग मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंघवी, कोषाध्यक्ष बबलू रांका, श्रवण संघ अध्यक्ष सुरेश नागौरी, महामंत्री रोशन लाल जैन, अम्बागुरु शोध संस्थान वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र चंडालिया, महामंत्री हिम्मत जी बडाला, कोषाध्यक्ष नंदलाल सेठिया एवं अनेक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन कवि ओम समदर्शी ने किया। दक्षिण चंद्रिका परम पूज्य डॉक्टर सयंम लता महाराज सा. का



द्वारा मांगलिक दिया गया। अंत में धन्यवाद और आभार महामंत्री सुनील वागरेचा द्वारा दिया गया।

# आशाधाम आश्रम से श्रद्धा फाउंडेशन के सहयोग से तीन लोगों को घर पहुंचाया जा रहा है



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** आशाधाम आश्रम से 1 जुलाई 2024 को श्रद्धा रिहैबिलिटेशन फाउंडेशन के सहयोग से आश्रम में 18 साल से रह रही नागपुर निवासी सुशीला , 10 साल से रह रहे जबलपुर निवासी किशन लाल तथा 6 साल से खरगोन निवासी पूनम को उनके परिवार के पास भेजने हेतु आशाधाम आश्रम से गजेंद्र सिंह राठौड़ व अंकिता सोलंकी व श्रद्धा रिहैबिलिटेशन फाउंडेशन के स्टाफ राकेश कुमार कुमावत के साथ उनके परिवार में भेजने हेतु प्रस्थान किया गया, आशाधाम आश्रम में रहते हुए संस्थापिका सिस्टर डेमियन के निर्देशन में इनका इलाज चला था आज सिस्टर डेनिसा के निर्देशन में लाभार्थियों को घर पहुंचाने हेतु प्रस्थान किया गया।

# मेडिकल छात्र के रैगिंग के मामले में विप्र सेना सलूंबर जिला द्वारा जिला कलेक्टर सलूंबर को दिया गया ज्ञापन



पदमावत मीडिया

संवाददाता ईश्वर लाल सुथार

**सलूंबर ।** जिले के विप्र सेना के पधाधिकारियो को कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया। विगत दिनों डूंगरपुर में मेडिकल छात्र के साथ हुई रैगिंग के मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई है। बताया जा रहा है की मेडिकल छात्र से 350 बार उठक बैठक करवाई गई जिसके चलते किडनी और बुरा असर हुआ और 4 बार छात्र का डायलिसिस करवाया जा चुका है। विप्र सेना जिलाध्यक्ष राजेंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष दीपक चौबीसा, जिला प्रभारी नरेश जोशी, सुरेश मेहता, विनोद जोशी, मुकेश जोशी, राजेश मेहता, मनोज ताजावत, जितेंद्र जोशी, प्रमोद पिल्ले आदि समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जीएसटी दिवस का आयोजन

## जीएसटी कर संग्रहण देश के विकास का मुख्य सूत्र-विधायक जैन








पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** वाणिज्यिक कर विभाग की ओर से जीएसटी दिवस का आयोजन लेकेंड होटल में हुआ। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न व्यापारिक संगठनों एवं टैक्स बार के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न करदाताओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि विधायक जैन ने जीएसटी कर संग्रहण को देश के विकास का मुख्य सूत्र बताया तथा जीएसटी कर प्रणाली को एक समेकित एवं संतुलित प्रणाली बताया जिसमें विभिन्न संशोधन-प्रावधानों से करदाता को समय पर आवश्यकतानुसार रियायत देकर टैक्स कंप्लाएंस को बढ़ाया जा रहा है। कुशल प्रणाली एवं उत्कृष्ट प्रबंधन से भारत जीएसटी राजस्व अर्जन में नए कीर्तिमानों की ओर अग्रसर है। अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) मनीष बक्षी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और जीएसटी की 2017 से लेकर वर्तमान तक के सफर से अवगत करवाया गया। उन्होंन इस सफर में एक्ट एवं रूल्स में किए गए संशोधनों की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता यशवंत मंगल ने जीएसटी के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए नवीनतम परिवर्तनों के बारे में बताया। विशिष्ठ अतिथि शंभू हिरण ने कर प्रणाली को सरल बनाने का सुझाव दिया। विशिष्ठ अतिथि मनीष गलुंडिया एवं सीजीएसटी सहायक आयुक्त आर.के.गुप्ता ने जीएसटी प्रणाली प्रबंधन एवं करदाताओं पर प्रभाव के बारे मे जानकारी दी।

अतिरिक्त आयुक्त (अपीलीय प्राधिकारी) श्रीमती नीतू भारद्वाज ने विभिन्न हितधारकों के जीएसटी प्रणाली में सहयोग को जीएसटी की सफलता का मूल मंत्र बताया। संयुक्त आयुक्त रविन्द्र जैन ने वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा विभिन्न व्यापारिक संगठनों से नियमित संवाद संबंधी विभाग की गतिविधि की जानकारी दी। संचालन सहायक आयुक्त अनुज भटनागर ने किया। जीएसटी दिवस के उपलक्ष्य में वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा प्रातः कर भवन कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# नर्सिंग अधीक्षक को यथास्थान पदस्थापन करने की मांग



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** निर्देशक अराजपत्रित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं ,राजस्थान जयपुर द्वारा 29 जून 2024 को नर्सिंग अधीक्षक की पदस्थापना सूची जारी की गई। जिसमें आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के अधीन चिकित्सालय के आठ सीनियर नर्सिंग ऑफिसर से नर्सिंग अधीक्षक पद पर विभिन्न चिकित्सालय में पदस्थापन किया गया है। जिसमें संपत लाल बराला को एमबी से जनाना हास्पिटल, शारदा गरासिया को सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक से जनाना हॉस्पिटल, हरि लता गंधर्व, जगदीश पूर्बिया व ओमप्रकाश पालीवाल को एमबी हास्पिटल से आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर, गीता आहारी व हसीना आहारी को एमबी हास्पिटल उदयपुर, सत्यप्रभा डामोर को टीबी एंड चेस्ट हॉस्पिटल, बड़ी उदयपुर का नर्सिंग अधीक्षक बनाया है। । राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर के जिला अध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के प्रधानाचार्य डॉ विपिन माथुर को डाक्टर्स डे पर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया एवं वार्ता की गई, की वर्तमान में जो जहां कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक पद पर कार्यरत है उन्हें वहीं का नर्सिंग अधीक्षक बना दिया जाए। इसके लिए निर्देशक अराजपत्रित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर से से वार्ता कर पदस्थापन करवाया जाएं। जगदीश पूर्बिया सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वार्ता में हरीश चौबीसा, रमेश मीणा, लाल चंद ऐचरा, राजूराम, संतोष परमार उपस्थित थे।

# अग्निवीर भर्ती रैली देश सेवा का जज्बा लिए दौड़ें अभ्यर्थी

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा का सपना संजोने वाले युवाओं के लिए सोमवार को दिन महत्वपूर्ण रहा। उदयपुर में दूसरी बार अग्निवीर भर्ती रैली सोमवार से खेलगांव परिसर में प्रारंभ हुई। अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना का हिस्सा बनने के लिए युवाओं ने दमखम दिखाया।

भर्ती रैली के नोडल अधिकारी कर्नल इंद्रजीतसिंह ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली में पहले दिन जनरल अग्निवीर के लिए आवेदन करने वाले उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, सलूम्बर और प्रतापगढ़ जिले के अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इसके अलावा क्लर्क, टेक्नीशियन और 8वीं पास ट्रेडमैन श्रेणी में प्रदेश के 22 जिलों के अभ्यर्थियों ने शिरकत की। लगभग 800 अभ्यर्थियों के लिए सर्वप्रथम 1600 मीटर की दौड़ हुई। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों के लिए ग्राउण्ड टेस्ट हुए।

# रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा का सामूहिक महारूद्राभिषेक एवं महाप्रसादी सम्पन्न



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** रोटरी रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा टीम मैजिक की ओर से सोमवार को सामूहिक महारूद्राभिषेक एवं महाप्रसादी का आयोजन सम्पन्न हुआ। रोटरी की मीरा की अध्यक्षा प्रीति सोगानी एवं सचिव नीलम दूबे ने संयुक्त रूप से बताया कि विश्व शांति एवं अच्छी बारिश की कामना को लेकर सोमवार 1 जुलाई को रोटरी क्लब उदयपुर मीरा द्वारा सुखेर अम्बेरी स्थित अमरख जी महादेव मंदिर में सामूहिक महारूद्राभिषेक एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। उन्होने बताया कि रोटरी मीरा की सभी सदस्याओं ने सुबह 9.30 बजे अमरख जी महादेव का महारूद्राभिषेक किया उसके बाद दोपहर 12 बजे बाद महाप्रसादी का आयोजन किया। पण्डित देवीलाल के निर्देशन में 25 विद्वावानों की टीम एवं रोटरी मीरा के 51 जोड़ों सहित करीब 200 से अधिक लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चरण के साथ इस आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजराज राठौड़, उपाध्यक्ष कविता श्रीवास्वत, जोइंट सक्रेटरी डॉ. उर्मिला जैन, सह सचिव स्नेहा शर्मा सहित रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा की सभी सदस्याएं मौजूद रही।

# डॉक्टर्स डे पर सींडलिंग के विधार्थीयों ने चिकित्सा के क्षेत्र में समर्पण,करुणा और सहानुभूति के प्रति पीएमसीएच के चिकित्सको का जताया आभार

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** कहते हैं कि डॉक्टर इस धरती पर भगवान का दूसरा रूप होते हैं। वो डॉक्टर ही हैं, जो इंसान को मौत के मुंह से निकालकर नया जीवनदान देने का हर संभव प्रयास करते हैं।

इसी कड़ी में डॉक्टर्स के इसी योगदान के प्रति आभार जताने और उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से आज डाक्टर्स डे के अवसर पर पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में सींडलिंग स्कूल के 25 विधार्थीयों ने चिकित्सकों को चॉकलेट एवं ग्रीटिंग कार्ड देकर तथा केक कटवा कर शुभकामनाएं दी एवं उनका अभिनन्दन किया।

पीएमसीएच के ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल ने बताया कि इस साल की थीम ' हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हार्ट्स ' है। यह विषय डॉक्टरों द्वारा अपनी चिकित्सा पद्धति में लाए गए समर्पण, करुणा और सहानुभूति को उजागर करता है, जो जीवन को बचाने और बेहतर बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। डाक्टर्स डे के इस अवसर पर सींडलिंग स्कूल के विधार्थीयो ने



पीएमसीएच का दौरा किया और मरीजों की जान बचाने और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए डॉक्टरों के प्रति अपनी कृतज्ञता की भावनाओं को साझा किया।

# पौध रोपण सेवा कार्य का शुभारंभ राजस्थान समाज सेवा संस्थान की पहल

**उदयपुर ।** पर्यावरण संरक्षण के लिए राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर के पौध रोपण सेवा कार्य का सोमवार को शुभारंभ हुआ।

बड़गांव स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में सरपंच संजय शर्मा, पंचायत समिति सदस्य भुवनेश व्यास, स्कूल प्रधानाचार्य वंदना गलुंडिया, गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्य बीना नाहर ने पौध रोपण सेवा कार्य का शुभारंभ किया। जनप्रतिधिनियों और स्कूल स्टाफ ने संस्थान के इस प्रयास की सराहना की। सेवा टीम में शामिल युगल किशोर जोशी ने बताया कि स्थानीय लोगों को निशुल्क पौधे वितरित भी किए गए। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि मानसून सीजन में संस्थान द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर पौध रोपण के साथ ही आमजन को निशुल्क पौधे वितरित भी किए जाएंगे।

# कोठारी अध्यक्ष, खमेसरा सचिव मनोनीत विजय जैन परिषद की कार्यकारिणी का गठन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सामाजिक संस्था विजय जैन परिषद की साधारण सभा प्रसादम पैराडाइज में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2024-26 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अशोक कोठारी को अध्यक्ष, विनोद खमेसरा को सचिव व चेतन संचेती को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। निवर्तमान अध्यक्ष विजय सिंह सेठिया व निवर्तमान सचिव गजेन्द्र सिंह सामर ने नव मनोनीत अध्यक्ष



व सचिव का उपरना ओढ़ा कर स्वागत किया। अशोक कोठारी ने परिषद के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी आगामी 15 जुलाई से आचार्य प्रवर 1008 विजयराज महाराज के नवकार भवन केशव नगर में आत्मोदय वर्षावास में सभी कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का संकल्प सभी सदस्यों ने लिया और चातुर्मास को भव्यतम बनाने का निर्णय लिया । इस अवसर पर परामर्शक नरेंद्र हिंगड़, अजीत गलूण्डिया, ललित वर्डिया, ललित बंब अशीक लोढ़ा आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उद्यान आयुक्तालय जयपुर से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार जिले में संचालित उद्यानिकी गतिविधियों के लिए किसानों का चयन लॉटरी या रेण्डमाईजेशन विधि से किया जाएगा। उप निदेशक उद्यान डॉ कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन अन्तर्गत संचालित उद्यानिकी घटकों में जिन किसानों ने राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन किया है, उनका चयन लॉटरी विधि से होगा। इसके लिए उद्यान आयुक्तालय स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है। शर्मा ने बताया कि ग्रीन हाउस, शेडनेट हाउस, पैक हाउस, नर्सरी स्थापना, प्याज भण्डारण संरचना, उद्यानिकी यंत्रीकरण, पॉली हाउस में उच्च मूल्य की सब्जियों का उत्पादन करने वाले किसानों के आवेदन जिले को आवंटित लक्ष्य की तुलना में डेढ़ गुना (150 प्रतिशत) से अधिक होने पर ऑनलाइन लॉटरी की जायेगी। इस लॉटरी प्रिं या में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के उन आवेदक किसानों के आवेदन भी कैरी फॉरवर्ड किए जाकर सम्मिलित किया जायेगा जिनका पूर्व के वर्ष में लॉटरी में चयन नहीं हुआ तथा योजना से अब तक लाभान्वित नहीं हुए है। वर्ष 2024-25 में जिन किसानों ने 30 जून तक राज किसान साथी पोर्टल पर इन योजनाओं में आवेदन किया है उनको लॉटरी अनुसार चयन कर लाभान्वित किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)| सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।